हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 27 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

4

विधायक भगत ने दिलाई संविधान की शपथ



**खबर संक्षेप**

### किसान-महतारी सम्मेलन आज नारायणपुर में

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी विकासखण्ड अंतर्गत हाई स्कूल मैदान नारायणपुर में 27 नवम्बर 2025 को किसान महतारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। वहीं विशिष्ट के रूप में वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं प्रभारी मंत्री ओपी चौधारी, रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र सांसद राधेश्याम राठिया, पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, छ.ग. माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती, छग अंत्यावसायी राज्य सहाकरी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, छग राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत कुनकुरी अध्यक्ष सुशीला साय सहित जशपुर जिले के समस्त जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्य तथा जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेगें।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम केन्दापानी निवासी स्व. भगवती बाई का डबरी के पानी में डूबने से 29 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनFके पिता द्वारिका सिंह हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बगीचा अंतर्गत ग्राम बम्बा निवासी स्व. मीरा बाई का आकाशीय बिजली से 06 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनकी पुत्री गायत्री, फुलनदेवी एवं पुत्र दशरथ और फरसू साय हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### यूपी का धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप जब्त

**अंबिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत अलग-अलग तीन स्थानों पर समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी से धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप को जब्त किया है। तीनों पिकअप से 205 बोरी अवैध धान मिला है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जगह-जगह जांच चौकी स्थापित करने के बावजूद कोचिए जंगल के रास्ते पड़ोसी राज्यों का धान मंगा रहे हैं। बीती रात राजस्व, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम ने ग्राम झारा, डूमरपान एवं धौरा में यूपी का धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप को जब्त किया है। पिकअप चालकों द्वारा धान के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर जब्ती की गई है। जब्त पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 3607, यूपी 64 सीटी 3065 में 70-70 बोरी जबकि बिना नम्बर के नए पिकअप में 65 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। जब्त वाहनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**अम्बिकापुर।** एसआईआर कार्य में लापरवाही पर डीईओ ने सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। उदयपुर विकासखंड संकुल समन्वयक मरेया से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 अंबिकापुर के अंतर्गत निर्वाचक नामावली 2025 के विशेष पुनरीक्षण कार्य के हेतु मरेया शासकीय प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक देवेन्द्र कुमार पैकरा को मतदान केन्द्र क्रमांक 282 मरेया में अविहित अधिकारी नियुक्त किया गया था। मतदान केंद्र के बीएलओ तथा ग्राम स्तर से प्राप्त शिकायतों एवं तहसीलदार लखनपुर द्वारा भेजी गई सूचना में यह उल्लेख किया गया है कि श्री पैकरा द्वारा निर्वाचन संबंधी एसआईआर कार्यों में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है तथा उनके विरुद्ध व्यवहार एवं कार्य निष्पादन से संबंधित गंभीर आरोप प्राप्त हुए हैं। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सहायक शिक्षक देवेन्द्र कुमार पैकरा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उदयपुर निर्धारित किया गया है।

## डीजल के ऑनलाइन पेमेंट ने खोला नेटवर्क
# इंटर स्टेट शराब तस्कर हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस को अंतर्राज्यीय शराब तस्करी के बड़े नेटवर्क का सबसे अहम सुराग मिल गया है। ऑनलाइन पेमेंट की जांच करते हुए पुलिस हरियाणा के कुरुक्षेत्र तक पहुंची और वहां से कर्ण उर्फ बाबू शर्मा उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार कर जशपुर ले आई। आरोपी तस्करों द्वारा ट्रकों में रास्ते में भरे जा रहे डीज़ल की ऑनलाइन पेमेंट हरियाणा से होती थी, जिसके डिजिटल निशान जोड़ते हुए पुलिस सिंडिकेट तक पहुंची।

पुलिस पिछले महीनों में अवैध शराब तस्करी के चार बड़े मामलों का खुलासा कर चुकी है।जिसमे कुल 2734 कार्टून,24,440 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया था। इस मामले में 5 आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुकेहै। पहले दो बड़े केस फरवरी में दुलदुला से ट्रक पीबी11-सीपी-2003,अनूपपुर (एमपी) से पकड़ा ट्रक यूपी14-डीटी-7849 दोनों से 11,552 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया।अगस्त व अक्टूबर में सिटी कोतवाली क्षेत्र से ट्रक यूपी12-एटी-1845,अक्टूबर में आरजे09-जी ई-0124 इनसे 12,888 लीटर शराब जब्त हुई।इन सभी मामलों में तस्करों का पैटर्न एक जैसा मिला।पंजाब–



चंडीगढ़ से शराब लोड, रांची तक ड्राइवर को कैश, वहां से दूसरा आदमी लेकर बिहार रवाना।ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल ताकि चेकिंग से बच सकें।

### 2023 से एक्टिव था आरोपी

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 2023 में वह सोनीपत की शराब दुकान में सेल्समैन था। वहीं उसकी मुलाकात एक ऐसे व्यक्ति से हुई जो अवैध सप्लाई करता था। दुकान बंद होने पर वह गांव लौट आया। बाद में वही व्यक्ति उसे पेट्रोल पंप के क्यूआर कोड भेजकर पेमेंट कराता था। इसके बदले कमीशन मिलता था। वही मुख्य संपर्क अब फरार, जिसकी पुलिस ने पहचान कर ली है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### पूरा पेमेंट हरियाणा से आ रहा था

अगस्त में पकड़े गए चालक चिमा राम के मोबाइल की तकनीकी जांच में सबसे बड़ा क्लू मिला।जांच में सामने आयाकि रास्ते में भरे गए डीज़ल का ऑनलाइन पेमेंट हरियाणा के कुरुक्षेत्र से हो रहा था।पेमेंट करने वाला व्यक्ति कर्ण उर्फ बाबू शर्मा था। इसके बाद एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्पेशल टीम हरियाणा भेजी।टीम ने ग्राम थानेसर, कुरुक्षेत्र से आरोपी को पकड़ कर जशपुर लाया।

### और गिरफ्तारियां होंगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जांच में कई अहम लिंक मिले हैं। यह बड़ा सिंडिकेट है। कुछ और लोग पहचान में आ चुके हैं, जल्द ही गिरफ्तारियां होंगी। पुलिस एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन कर रही है।

# टमाटर की आड़ में गौ-तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अवैध गौ-तस्करी पर चल रहे पुलिस के ऑपरेशन 'शंखनाद' की

- खेत में छोड़ भागा चालक, 13 गौ-वंश बरामद
- जशपुर पुलिस ने फिर फोड़ा बड़ा मामला

सख्ती के बीच तस्करों ने टमाटर की आड़ में एक नई चाल चली, लेकिन कानून के शिकंजे से बच न सके। सोमवार देर रात फरसाबहार पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप का पीछा कर खेत में छोड़ा गया वाहन बरामद किया, जिसमें टमाटर के कैरेटों के नीचे 13 गौ-वंश ठूंसकर छिपाए गए थे। बेहद अमानवीय ढंग से भरे गए पशुओं में से एक की दम घुटने से मौत हो चुकी थी।

सूचना पर हरकत में आई फरसाबहार पुलिस जब मौके पर पहुँची तो ⏭ शेष पेज 4 पर



### मामला दर्ज, वाहन जब्त

तस्करी में प्रयुक्त पिकअप जेएच -01 डीक्यू -5773 को जप्त कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वाहन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की कार्रवाई जारी है।

### तस्कर नए तरीके अपना रहे

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि टमाटर की आड़ में हो रही तस्करी को रोकते हुए गौ-वंशों को सुरक्षित किया गया है। तस्कर लगातार तरीके बदल रहे हैं, लेकिन पुलिस भी उतनी ही मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। फरार आरोपी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे।

### 12 को सुरक्षित स्थान भेजा

पुलिस ने मृत पशु का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया और विधिवत अंतिम संस्कार कराया। बाकी 12 गौ-वंशों को जांच उपरांत सुरक्षित गौशाला भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने पूरी की ग्रामीणों की सालों पुरानी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले का विकास नई गति पकड़ रहा है। जिले में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लगातार मिल रही स्वीकृतियां ग्रामीण अंचल के विकास की नई पहचान बन रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए कुल 41 करोड़ 30 लाख रुपए की मंजूरी दी है।



जिले के ओडिशा सीमा से लगे तुमला से मेडर मार्ग 12.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 27 करोड़ 73 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन, व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाएगा,साथ ही ओडिशा राज्य को भी जोड़ते हुए आवागमन के लिए बड़ी सुविधाएं मिलेगी।वहीं फरसाबहार क्षेत्र के पंडरीपानी से डुमरिया मार्ग 10.60 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 13 करोड़ 57 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इस मार्ग के निर्माण से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

### ग्रामीणों में खुशी

दोनों परियोजनाओं की स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर है। वर्षों से प्रतीक्षित मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जशपुर जिला अब तेज़ी से विकास की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में यह सौगातें क्षेत्र की प्रगति को और गति देंगी।

### युवक पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने किया जानलेवा हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** शहर में मारपीट करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात पुनः खरसिया चौक के समीप एक युवक पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चौक समीप सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी आदर्श साहू अपने साथियों के साथ बीती रात बिरयानी खाने खरसिया चौक समीप होटल में गया था। युवक होटल के समीप खड़ा था तभी आधा दर्जन से अधिक युवक मौके पर पहुंचे और युवक के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। अचानक मारपीट होने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस बीच घटना को देख दोस्तों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया लेकिन युवकों ने उनके साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए।

# सिरी नदी पर पुल बनने से ग्रामीणों का आवागमन हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



दुलदुला-मकरीबंधा के बीच सिरी नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को जब उस पार किसी अपने परिचितों के पास जाना होता था, तब उन्हें अक्सर 14 से 15 किलोमीटर दूर तक सफर कर दूसरे रास्ते से होकर जाना पड़ता था। नदी पर पुल नहीं होने से जहां उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती थीं, वहीं अपना समय और पैसा भी अधिक बर्बाद करना पड़ता था। अब जबकि सिरी नदी पर पुल बन गया है तो दुलदुला से मकरीबन्धा सहित आसपास के कई गांवों में आवागमन बहुत आसान हो गया है। लोग आसानी से और कम खर्च और कम समय में अब आना जाना कर सकते हैं। जशपुर जिले के दुलदुला से मकरीबंधा के मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से 3 करोड़14 लाख 32 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। यह पुलिया निर्माण से स्थानीय जनता के लिए बड़ी राहत लेकर आई, क्योंकि इससे न केवल आवागमन आसान हुआ, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस वृहद पुल के निर्माण से मार्ग में जुड़ने वाली बसाहटें ग्राम मिरगोली, धवरासांड, बरपानी, दुलदुला, डुमरबहार, कोरकोटोली, गैरज, मुण्डाअम्बा, मकरीबंधा, नोनीयातला, सिमडा, सिरिमकेला, सोकोडीपा के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जुड़ने में अहम भूमिका निभा रही है।

इन गांव के लगभग 4000 जनसंख्या को इस मार्ग से आवागमन में बहुत सुविधा मिलने लगी है साथ ही इस मार्ग में पड़ने वाले प्रा.शाला, मा.शाला, उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा व्यापारिक गतिविधियों के साथ ब्लाक मुख्यालय दुलदुला आने-जाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

दुलदुला के इस मार्ग की लम्बाई 14.80 किमी है इस मार्ग से ग्राम भिरगोली, धवरासांड, बरपानी, दुलदुला, डुमरबहार, कोरकोटोली, गैरज, मुण्डाअम्बा, मकरीबंधा, नोनीयातला, सिमड़ा, सिरिमकेला, सोकोडीपा बसाहटों को जोड़ती है साथ ही इस मार्ग अन्तर्गत प्रा.शाला, मा.शाला, उप स्वास्थ्य केन्द्र को जोड़ती है। लोगों को इस सड़क के निर्माण से शहर से संपर्क आसान हुआ, स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला, एम्बुलेंस समय पर पहुंचने लगा, बच्चों को स्कूल कालेज आने-जाने में आवागमन सुलभ हुआ शिक्षा के क्षेत्र में सुधार आया, कृषि उत्पादकों को खरीदी विक्री के लिए नजदीक शहर पहुचाना आसान हुआ, लोगों में सामाजिक जनसम्पर्क बढ़ा, इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को हो रहे लाभ से भारी खुशी की लहर है।

# 30 तक करा सकेंगे पंजीयन एवं पंजीकृत फसल रकबा में संशोधन



**जशपुरनगर।** किसानों के लिए राहत भरी खबर है। एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, डूबान तथा वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन हेतु पहले 18 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय दिया गया था। अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर इस समय सीमा को बढ़ाकर 30 नवंबर 2025 तक कर दिया गया है ।किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों को समिति लॉगिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपना पंजीयन एवं पंजीकृत फसल रकबा में संशोधन करा सकें। इससे अधिक से अधिक किसान आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे और शासन की योजनाओं का लाभ पा सकेंगे।यह निर्णय उन किसानों के लिए बड़ी राहत बनकर आया है, जो समय की कमी या तकनीकी कारणों से पंजीयन नहीं करा पाए थे। अब वे नजदीकी समिति में जाकर सहज रूप से अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

# सहायक आयुक्त के आदेश के बाद भी अधीक्षक पर एफआईआर नहीं

**जशपुरनगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सुखरापारा के छात्रावास में चावल तस्करी और छात्रों के साथ अश्लील हरकत का गंभीर मामला सामने आया था। इस प्रकरण में चौकीदार निरंजन किस्पोट्टा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

हालांकि, इसी मामले में आरोपी बताए जा रहे छात्रावास अधीक्षक दुर्गेश सिंह के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार सहायक आयुक्त संजय सिंह ने विद्यालय प्राचार्य को लिखित निर्देश जारी कर स्पष्ट रूप से कहा था कि आरोपी चौकीदार के साथ-साथ



- चावल तस्करी व छात्रों से दुर्व्यवहार मामले में प्राचार्य जांच के दायरे में

छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ भी थाना पत्थलगांव में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जानकारी विभाग को भेजी जाए। सहायक आयुक्त के पत्र में दोनों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश साफ-साफ उल्लेखित हैं।

इन निर्देशों के बावजूद विद्यालय के प्रिंसिपल चंद्रमणि यादव ने छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ अब तक कोई शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई है। इससे मामले को दबाने की कोशिश और प्रिंसिपल की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबध में सहायक आयुक्त संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि,दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्राचार्य को पत्र जारी किया गया है। यदि अब तक प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, तो प्रिंसिपल की लापरवाही की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# लोदाम छठ घाट तक पक्का मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आस्था और जनभावना से जुड़े छठ पर्व का लोदाम में हर वर्ष बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। शंख नदी के तट पर बसे इस सीमावर्ती ग्राम पंचायत में छठ पर्व के दिनों में भारी चहल-पहल रहती है, लेकिन छठ घाट तक पहुंचने के लिए पक्के मार्ग की अनुपलब्धता के कारण वर्षों से व्रती और श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

- विधायक रायमुनी भगत ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत की थी अनुशंसा

रोजमर्रा के कार्यों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में भी लोगों को इसी कारण असुविधा झेलनी पड़ती थी। लोदाम, जिला मुख्यालय से लगभग 28 किलोमीटर दूर, झारखंड सीमा से सटा एक खूबसूरत गांव है, जो घने जंगलों और प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित है। क्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए छठ घाट तक एक मजबूत, सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने आम जनता की इस समस्या को गंभीरता से समझा और मुख्य मार्ग से छठ घाट तक पहुंच मार्ग तक सीसी रोड निर्मित कराने के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आठ लाख रुपये की स्वीकृति की अनुशंसा की। इस पहल पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन में सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और सितंबर 2025 में निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। सड़क निर्माण पूरा होने के साथ ही लोदाम के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान अब हो गया है। छठ घाट तक पहुंचना अब आसान और सुरक्षित हो गया है। दैनंदिन कार्यों और अन्य धार्मिक आयोजनों में आने-जाने की असुविधा समाप्त हो गई है। पक्के मार्ग के कारण आसपास के क्षेत्रों में विकास की संभावनाएँ और भी बढ़ गई हैं।

## धर्मनगरी कोतबा में उमड़ा आस्था का सैलाब
# 1100 कलशों के साथ यात्रा निकालकर लक्ष्मी पूजन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा में अगहनमास के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगरवासियों और क्षेत्रवासियों के संयुक्त तत्वावधान में श्री लक्ष्मी पूजन महोत्सव का भव्य आगाज किया गया। 23 वर्षों की अटूट परंपरा को निभाते हुए, मंगलवार को एक ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ पाँच दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत हुई। महोत्सव के पहले दिन का मुख्य आकर्षण भव्य कलश यात्रा रही।

धर्मनगरी कोतबा के खालपारा स्थित मां लक्ष्मी पंडाल से शुरू हुई इस यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 1100 से अधिक सुहागिन महिलाओं और छोटी बच्चियों ने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। पारंपरिक वस्त्रों में सजी



महिलाओं की कतार ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

भव्य कलश यात्रा का मार्ग खालपारा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों, राम मंदिर पारा, बस स्टैंड और परशुराम चौक से होते हुए सतीघाट धाम तक पहुंचा। यात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों—ढोलक और मांदर की थाप पर संत समाज के अनुयायी और भक्तजन थिरकते नजर आए। रामायण की चौपाइयों के गायन और जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। सतीघाट धाम पहुंचकर महिलाओं ने विधिविधान से कलश में जल भरा और पुनः कतारबद्ध होकर पूजन स्थल तक लौटीं।

### 23 वर्षों से जारी है सार्वजनिक अनुष्ठान

आयोजन समिति ने बताया कि यह महालक्ष्मी पूजन का सार्वजनिक अनुष्ठान लगातार 23 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इसमें न केवल कोतबा नगरवासी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह आयोजन अब क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बन चुका है।

### पांच दिनों तक चलेगा हवन-पूजन का दौर

कलश यात्रा के समापन के साथ ही मंगलवार से विधिवत हवन-पूजन का शुभारंभ हो गया। यह धार्मिक महोत्सव अगले 5 दिनों तक चलेगा, जिसका समापन रविवार को होगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष आरती, हवन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति



## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैच: किल ज़ोन: इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप



### पुसौर के बोरोडिपा में तोड़े गए अवैध कब्जा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा बोरोडिपा चौक में हुए अवैध कब्जे को तोड़कर वहां यात्रि प्रतिक्षालय निर्माण करने की कवायद की गई है जिसके लिए नपं पुसौर अवैध कब्जाधारी को लगातार सूचना दिया जा रहा था। जिसमें उसके द्वारा स्वयं अपने कब्जा को नहीं हटाने से नगर पंचायत प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाया। ज्ञात हो कि बोरोडिपा चौक के रोड किनारे की बेसकिमती जमीन को अवैध कब्जा कर कई लोगों ने बिक्री कर दिया है। कई नामदार खरीद कर वहां अपना व्यवसाय चला रहे हैं और आलीशान मकान बनाकर कर कई लोग किराया लें रहे हैं। वर्तमान स्थिति में बोरोडिपा में वास्तविक निवासी 10 प्रतिशत हैं शेष लोग आबंटित आवास भूमि को खरीदकर मकान बनाए हैं जिन्हें बहुत बाद में संबंधित भूमि का प्रमाण पत्र मिला है।

### प्राइस सपोर्ट स्कीम में उपार्जन के लिए अवधि तय

**रायगढ़।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम पीएसएस के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिसूचित फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु अधिसूचित फसलें चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति पैक्स के माध्यम से उपार्जन किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के किसानों से एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का पंजीयन कराने की अपील की है। खरीफ फसलें मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की उपार्जन अवधि 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 एवं अरहर फसल हेतु 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है तथा रवी फसलें सरसों हेतु उपार्जन अवधि 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना, मसूर फसल हेतु उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खरीफ फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन के उत्पाद के विक्रय हेतु अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का अनिवार्य रूप से पंजीयन करावें।

### डकैती की योजना में चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में पुलिस ने समय रहते एक बड़ी आपराधिक वारदात को होने से रोकते हुए चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मामला प्लांटसाइट थाना कांड संख्या 24 नवंबर धारा 310(4)310(5) बी एन एस तथा 25(1) आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। 23/24 नवंबर की रात एसआई एन दलेई और उनकी टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना पर पुलिस टीम ने बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम के गेट नंबर.02, बिसरा रोड के पास छापेमारी कीए जहाँ पाँच आरोपी एक सुनसान इलाके में इकट्ठा होकर राहगीरों, आसपास के घरोंए दुकानों व पेट्रोल पंप से डकैती की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर रबी राय, अजय यादव, आदित्य साहू व सोनू सिंह को मौके पर पकड़ लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### टमाटर की आड़ ...

पिकअप के ऊपर टमाटर से भरे कैरेट खूबसूरती से सजाए गए थे, मानो वाहन सब्जी की सप्लाई लेकर जा रहा हो। लेकिन जैसे ही पुलिस ने कैरेट हटाए अंदर एक लोहे के शेड में बेरहमी से ठूंसे गए 13 गौ-वंश दिखाई दिए।इनमें से एक पशु मृत पाया गया, जिसका कारण दम घुटना बताया गया है। 25 नवंबर की रात करीब 3 बजे पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहन को ट्रेस किया। चालक ने पुलिस की गाड़ी देखते ही तेज रफ्तार पकड़ ली और ग्राम पमशाला के पास पिकअप को खेत में उतारकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला।

## देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का लिया संकल्प

# विधायक भगत ने दिलाई संविधान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस ऐतिहासिक दिवस की स्मृति में प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत कार्यालय में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान वहां मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष जशपुर अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने भी संविधान की शपथ ली। इसी प्रकार जिले के सभी एसडीएम कार्यालयों तथा विभिन्न शासकीय विभागों में भी संविधान की शपथ ली गई, जिसमें उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के प्रति निष्ठा जताते हुए देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया शपथ में कहा गया कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।



### अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई

अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने आज कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये है। उन्होंने कहा कि दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 ई० मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।



## सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी भाषा है संस्कृतः माताजी

**जशपुरनगर।** महावीर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, जशपुर में माताजी के मंगल आगमन से सम्पूर्ण विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिकता, शांति और सकारात्मकता से आलोकित हो उठा। छात्रों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों ने माताजी के दर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

माताजी ने अपने प्रेरणादायी उपदेश में जीवन में संयम, सरलता, शांति और सदाचार का महत्व बताते हुए कहा "दिमाग हमेशा फ्रिज की तरह ठंडा, दिल में दया और वाणी में मिठास होनी चाहिए।"उन्होंने लैंप, अगरबत्ती और सिगरेट के उदाहरण के माध्यम से नैतिक संदेश देते हुए कहा दीया स्वयं जलकर दुनिया को रोशन करता है। अगरबत्ती स्वयं को जलाकर वातावरण को सुगंधित करती है। सिगरेट खुद को जलाकर स्वयं और दूसरों को भी हानि पहुंचाती है। माताजी ने संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के उच्चतम मूल्य को रेखांकित कर कहा कि संस्कृत हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी भाषा है। रामायण सहित अनेक महत्वपूर्ण धर्मग्रंथ इसी भाषा में रचित हैं। सभी विषयों में संस्कृत और संस्कृति का स्थान सर्वोपरि है"— ऐसा माताजी ने स्पष्ट कहा। अपने प्रवचन में उन्होंने एक ऐसे इंजीनियर का प्रेरक प्रसंग साझा किया जिसने दुर्घटना में हाथ-पैर खो देने के बावजूद हार नहीं मानी और आज दृढ़ संकल्प के बल पर सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहा है। इसे माताजी ने सकारात्मक सोच की अद्भुत मिसाल बताया। माताजी ने कहा कि विद्यालय ही शिक्षा का सच्चा मंदिर है, जहां से ज्ञान प्राप्त कर विद्यार्थी देश-विदेश में विभिन्न पदों पर पहुंचकर समाज और विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा—व्यक्ति किसी भी पद पर पहुँचे, उसका स्वभाव और व्यवहार ही उसकी असली पहचान होता है।"एआर रहमान और सचिन तेंदुलकर के उदाहरण देकर उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जिज्ञासा और लगन हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रवचन के दौरान माताजी ने बच्चों से प्रश्न-उत्तर के माध्यम से संवाद स्थापित किया और उत्कृष्ट उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और प्रार्थना ने सभी का मन मोह लिया। अंत में माताजी के आशीर्वचनों ने उपस्थित जनसमूह के हृदय में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और संस्कारों की ज्योति प्रज्ज्वलित कर दी।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, जशपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिज्ञा का प्रशासन किया गया तथा प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। मौलिक कर्तव्य एवं भारतीय संविधान का महत्व पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन और प्रमाणपत्र वितरण किया गया। भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन लोकनृत्य प्रस्तुति के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया। क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता कक्षा 9 एवं 11 के लिए क्विज और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की किया गया। स्काउट्स और गाइड्स द्वारा संविधान जागरुकता यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया है।

## पुलिसकर्मियों ने ली भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ



पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में आज 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने पुलिसकर्मियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई, उन्होंने देश को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक और गणराज्य बनाने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मूल्यों के पालन की शपथ दिलाई।

**आदर्शो एवं कर्तव्यों की ली प्रतिज्ञा-** पुलिसकर्मियों ने दृढ़ संकल्प के साथ प्रस्तावना में निहित आदर्शों को जीवन और कर्तव्य में लागू करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, डीएसपी परिजात मिश्रा, सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही, जिन्होंने एक स्वर में संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

## पोर्टल से क्रय विक्रय और डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में कार्यशाला



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जशपुर द्वारा दिनांक 26 नवम्बर को भारत सरकार की योजना अंतर्गत जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) पोर्टल से क्रय - विक्रय एवं डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कुनकुरी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सालिक अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर एवं विशिष्ट अतिथि सुशीला साय अध्यक्ष, जनपद पंचायत कुनकुरी, बालेश्वर यादव, उपाध्यक्ष,जनपद पंचायत कुनकुरी, अनीता सिंह, जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विषय पर योजनांतर्गत सीएसआईडीसी, रायपुर से आये मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यशाला के दौरान अविनाश शर्मा, आकाश अग्रवाल व अन्य उद्यमियों द्वारा पंजीयन कराया गया।

## कोतबा-बागबहार की जर्जर सड़क बनी जानलेवा, पेड़ से टकराई बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा

नगर क्षेत्र की जर्जर और खस्ताहाल सड़कें अब यात्रियों की जान पर भारी पड़ने लगी हैं। आज सुबह कोतबा-बागबहार मार्ग पर सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों के कारण एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन प्रशासन की अनदेखी लापरवाही से यह सड़क कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हाथीबेड़ से पत्थलगांव-केरजू मार्ग पर चलने वाली 'महाकाल बस' क्रमांक सीजी 15 एबी 0183 सुबह अपने निर्धारित समय पर कोतबा बस स्टैंड से करीब 15 सवारियों को लेकर गंतव्य के लिए रवाना हुई थी। बस अभी जामझोर से ठीक पहले खोरखोरी नाला पार कर आगे बढ़ी ही थी कि सड़क की बदहाली उसके लिए मुसीबत बन गई। कोतबा से बागबहार जाने वाला यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। खोरखोरी नाला के पास सड़क पर जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गड्ढों में बस बुरी तरह झोल खाने लगी। गहरे गड्ढों के कारण बस पर इतना दबाव पड़ा कि ड्राइवर साइड का मुख्य पट्टा अचानक टूट गया। पट्टा टूटते ही बस अनियंत्रित हो गई और लहराते हुए सड़क किनारे मौजूद एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सौभाग्य से इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, बस के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के कारण बस के ड्राइवर और खलासी (कंडक्टर) को चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद उन्हें कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतबा से बागबहार मार्ग पर चलना दूभर हो गया है। सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। आज तो बस का पट्टा टूटने से हादसा हुआ और जान बच गई, लेकिन अगर जल्द ही इन जानलेवा गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई, तो भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।





## एकलव्य विद्यालय सन्ना में आदर्श युवा ग्रामसभा




**जशपुरनगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में ग्राम विकास को नई दिशा देने और युवा छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आदर्श युवा ग्रामसभा का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में मंगलवार को आदर्श युवा ग्राम सभा का उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। ग्राम विकास की वास्तविक प्रक्रिया को समझाने और छात्रों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस ग्रामसभा में छात्राओं ने ग्राम पंचायत की भूमिकाएं निभाकर न केवल जनभागीदारी का परिचय दिया, बल्कि ग्राम प्रशासन की कार्यप्रणाली का व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन संगती शिक्षक भोज कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच की मुख्य भूमिका पूजा एक्का ने निभाई, सचिव की भूमिका एंजिलियन तिर्की, सहायक सचिव की भूमिका कौशल्या पैंकरा ने निभाई साथ ही विद्यालय की अन्य छात्राएं भी विभिन्न पदों की उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सन्ना के युवा सरपंच अरविन्द कुजूर एवं उप सरपंच बृजेष गुप्ता, वार्ड पंच रिशु केसरी एव बीडीसी अनुपम तिर्की, पंचायत सचिव गणेश कुमार यादव उपस्थित रहे। सरपंच द्वारा हाल ही में विद्यालय से डिप्टी कलेक्टर के पद पर छात्रा चचंल पैंकरा का चयन होने पर पूरे विद्यालय को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य अनित चटर्जी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि युवा सिर्फ भविष्य नहीं, वे वर्तमान की शक्ति है। कार्यक्रम आयोजन कराने में ग्राम सभा आयोजन हेतु प्रशिक्षित शिक्षक श्यामसुंदर पीजीटी एवं स्नेहलता, टीजीटी ने बताया कि मॉडल यूथ ग्राम सभा केन्द्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, व शिक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय व राज्य सरकार के कुल 1000 से अधिक विद्यालयों में लागू किया गया है। यह पहल अनुभवात्मक और गतिविधि आधारित शिक्षा समझने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राओं का सहयोग रहा।

## पूनापारा से लबनीपारा तक सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- ग्रामीण संपर्क मार्ग हेतु 5 करोड़ 41 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़क सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए लुड़ेग क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है।

मुख्यमंत्री के पहल पर ग्राम पंचायत लुडेग के पूनापारा से लबनीपारा मुख्य बस्ती तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल इस कार्य के लिए पांच करोड़ इकतालीस लाख तेरह हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वित्त विभाग ने इस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।लुडेग क्षेत्र की यह सड़क लंबे समय से कच्ची होने के कारण ग्रामीणों के दैनिक जीवन में कई बाधाएं पैदा करती थी। वर्षा ऋतु में रास्ता खराब होने से आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता था। कृषि उपज को बाजार या मंडी तक पहुंचाने में अतिरिक्त समय और श्रम लगता था, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता था। विद्यालय और महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को भी प्रतिदिन असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती थीं और आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने में भी विलंब होता था। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर इन सभी समस्याओं का समाधान होगा तथा ग्रामीणों के जीवन में व्यापक सुधार आएगा। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जबकि सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा।

### सहायक कलेक्टर को बनाया गया है नोडल अधिकारी

# 24वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 12 दिसंबर से

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत कलेक्टर रोहित व्यास और जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर योनेक्स सनराइज 24 वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन आगामी 12 से 16 दिसंबर तक जशपुर के रणजीता स्टेडियम के पास स्थित बैडमिंटन इन्डोर स्टेडियम में किया जा रहा है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने बैडमिंटन खेल के प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और जशपुर की प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है। जिला प्रशासन द्वारा जिला बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष, सहायक कलेक्टर फड़तरे अनिकेत अशोक को बैडमिंटन चैंपियनशिप का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन्हीं के मार्गदर्शन और देखरेख में चैंपियनशिप आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव मस्के और जिला बैडमिंटन संघ के सचिव विनोद गुप्ता ने जशपुर जिले के खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया और अंतिम तिथि के संबंध में आधिकारिक रूप से सूचना जारी की है। जशपुर जिले के सभी इच्छुक खिलाड़ियों को अपना आवेदन 29 नवंबर 2025 को शाम 4:00 बजे तक सचिव, जिला बैडमिंटन संघ जशपुर के कार्यालय संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।सभी श्रेणी के एकल मैच के लिए 500 प्रवेश शुल्क और युगल मैच के लिए 1000 प्रवेश शुल्क निर्धारित है।




### प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का लिए सीजीबीए का आईडी होना अनिवार्य

सभी खिलाड़ियों के पास वर्ष 2025- 26 के लिए छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन की आईडी होना अनिवार्य होगा। सीजीबीए आईडी प्राप्त करने के लिए 19 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को आधारकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा दसवीं तथा 12वीं की अंकसूची की छाया प्रति जमा करनी होगी। जबकि 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर जमा करना होगा। साथ ही सभी खिलाड़ियों को सीजीबीए आईडी प्राप्त करने हेतु 500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन रायपुर के नाम से बनाकर प्रस्तुत करना होगा, विलंब से जमा होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन और सीजीबीए आईडी हेतु निर्धारित प्रपत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता के ग्रुप सहित विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित किए गए हैं। इसे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से भी प्राप्त किया जा सकता है ।

